रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)—73

REGISTERED NO. D. (D. N.)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 24] नई दिल्ली, शनिवार, 11 जून, 1983/ज्येष्ठ 21, 1905

No. 24] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 11, 1983/JYAISTHA 21, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of Indi (other than the Ministry of Defence)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

सूचनाएं

नई दिल्ली, 25 मई, 1983

का० आ० 2478.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री र० कृ० मालजी, वकील ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए किया है कि उसे भड़ौच, गुजरात में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए ।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए ।

[सं० 5(36)/83-जे]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

NOTICES

New Delhi, the 25th May, 1983

S.O. 2478.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Sh. R. K. Malji, Advocate for appointment as a Notary to practise in Broach, Guiarat.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(36)/83-Judl.]

नई दिल्ली, 20 मई, 1983

का० आ० 2479.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री विनोद कुमार शर्मा, एडवोकेट ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक

आवेदन इस बात के लिए किया जा रहा है कि उसे जालंधर (पंजाब) व्यवहार करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए ।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए ।

[सं० 5 (42)/83-न्या०]

के० सी० डी० गंगवानी, सक्षम प्राधिकारी

New Delhi, the 20th May, 1983

S.O. 2479.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Vinod Kumar Sharma, Advocate Jalandhar City (Punjab) for appointment as a Notary to practise in Jalandhar.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice

[No. F. 5(42)/83-Judl.]

K. C. D. GANGWANI, Competent Authority

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 23 मई, 1983

का० आ० 2480.—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 10 ङ. की उपधारा (2) और (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और कम्पनी कार्य विभाग की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सां० का० नि० संख्या 242 (ङ.) दिनांक 15 मार्च, 1976 का अधिलंघन करते पर, केन्द्रीय सरकार एतद्-द्वारा 27 अप्रैल 1983 से यथा निम्नांकित रूप से कम्पनी विधि बोर्ड का पुनर्गठन करती है :—

(क) निम्नलिखित व्यक्ति कम्पनी विधि बोर्ड के सदस्य होंगे, नामशः

1. श्री के० एस० भटनागर
2. श्री एस० एम० डुगर
3. श्री एस० चक्रवर्ती
4. श्री पी० के० मलिक
5. श्री के० डी० सक्सेना
6. श्री एस० सी० बाफना
7. श्री ए० आर० खरे

(ख) श्री के० एस० भटनागर, कम्पनी विधि बोर्ड के अध्यक्ष होंगे ।

[सं० ए-45011/45/83-प्रशा०]

आर० डी० मखीजा, अवर सचिव

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 23rd May 1983

S.O. 2480.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) and (3) of Section 10-E of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), and in supersession of Department of Company Affairs Notification G.S.R. No. 242(E) dated the 15th March, 1976, as amended from time to time, the Central Government hereby reconstitutes the Company Law Board as indicated hereunder with effect from 27th April, 1983.

(a) The following persons shall be the Members of the Company Law Board, namely :—

1. Shri K. S. Bhatnagar
2. Shri S. M. Dugar
3. Shri S. Chakravarthi
4. Shri P. K. Mallik
5. Shri K. D. Saksena
6. Shri S. C. Bafna
7. Shri A. R. Khare.

(b) Shri K. S. Bhatnagar shall be the Chairman of the Company Law Board.

[No. A-45011/45/83-Admn. I]

R. D. MAKHEEJA, Under Secy.

गृह मंत्रालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली, 24 मई, 1983

का० आ० 2481.—केन्द्रीय सरकार, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, श्री पी० आर० नामजोशी, अधिवक्ता, मुम्बई को, मुम्बई उच्च न्यायालय में मैसर्स अशोक इंडस्ट्रीज हैदराबाद के विरुद्ध आर० सी० 13/ई/70 मद्रास से उत्पन्न होने वाली दांडिक पुनरीक्षण अर्जी सं० 110/80 का संचालन करने के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है ।

[संख्या 225/1/83-ए० वी० डी०-II]

हरिकृष्ण वर्मा, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

New Delhi, the 24th May, 1983

S.O. 2481.—In exercise of the powers conferred by sub-section (6) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974) the Central Government hereby appoints Shri P. R. Namjoshi, Advocate, Bombay, as Special Public prosecutor for conducting the Criminal Revision Petition No. 110/81 arising out of RC. 13/E/80 Madras against M/s. Ashoka Industries, Hyderabad, in the High Court of Bombay.

[No. 225/1/83-AVD. II]

H. K. VERMA, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 26 मार्च, 1983

प्रधान कार्यालय संस्थापन

का० आ० 2482.—प्रत्यक्ष-कर बोर्ड (कार्य संचालन विनियमन) नियम 1964 के नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा केन्द्रीय

प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य तथा भारत सरकार के पदेन अपर सचिव श्री वी० चिदम्बरम् को, 24 मार्च, 1983 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त करती है ।

[फा० सं० ए/19011/55/81-प्रशा० 1]
जी० एस० मेहरा, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 26th March, 1983

HEADQUARTERS ESTABLISHMENT

S.O. 2482.—In exercise of the powers conferred by Rule 3 of the Central Board of Direct Taxes (Regulation of Transaction of Business) Rules, 1964, the Central Government hereby appoints Shri V. Chidambaram Member, Central Board of Direct Taxes and ex-officio Additional Secretary to the Government of India, as Chairman of the Central Board of Direct Taxes with effect from the fore-noon of the 24th March, 1983 and until further orders.

[F. No. A-19011/55/81-Ad. II]
G. S. MEHRA, Under Secy

नई दिल्ली, 18 मई, 1983

आयकर

का० आ० 2483.—इस कार्यालय की दिनांक 25 अप्रैल, 1981 की अधिसूचना सं० 3938 (फा० सं० 203/85/81-आ० क० नि० II) के सिलसिले में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी अर्थात विज्ञान और प्रौद्योगिक विभाग नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम 1962 के नियम 6 के साथ पठित आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (i) के खंड (ii) के प्रयोजनों के लिए अन्य प्राकृतिक तथा अनुप्रयुक्त विज्ञानों के क्षेत्र में "संस्था" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदन किया है, अर्थात :—

(i) यह कि अपर्णा आश्रम, नई दिल्ली, वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक लेखा-जोखा रखेगा ।

(ii) यह कि उक्त संस्थान अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूप में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किया जाए और उन्हें सूचित किया जाए ।

(iii) यह कि उक्त संस्थान कुल आय तथा व्यय दर्शाते हुए अपने संपरीक्षित वार्षिक लेखों की तथा अपनी परिसंपत्तियां, देनदारियां दर्शाते हुए तुलन-पत्र की एक एक प्रति प्रतिवर्ष 30 जून तक विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा तथा इन दस्तावेजों में से प्रत्येक की एक-एक प्रति संबंधित आय-कर आयुक्त को भेजेगा ।

सम्था

अपर्णा आश्रम, नई दिल्ली

यह अधिसूचना 25-4-83 से 24-4-1984 तक एक वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है ।

[सं० 5186 (फा० सं० 203/1/83-आ० क० नि० II)]

(Department of Revenue)

New Delhi, the 18th May, 1983

INCOME TAX

S.O. 2483.—In continuation of the Office Notification No. 3938 (F. No. 203/85/81-ITA.II) dated 25th April, 1981, it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Department of Science & Technology, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act 1961 read with Rule 6 of the Income-tax Rules, 1962 under the category "Institution" in the area of other natural and applied sciences subject to the following conditions :—

(i) That the Aparna Ashram, New Delhi will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research,

(ii) That the said Institute will furnish annual returns of its scientific research activities to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April each year.

(iii) That the said Institute will submit to the prescribed Authority by 30th June each year a copy of their audited annual accounts showing their total income and expediture and balance sheet showing its assets liabilities with a copy of each of these documents to the concerned Commissioner of Income tax

INSTITUTION

Aparna Ashram, New Delhi

This notification is effective for a period of one year from 25-4-1983 to 24-4-1984.

[No 5186(F. No. 203/1/83-ITA.II)]

आयकर

का० आ० 2484.— सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा निम्नलिखित वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यक्रम को आयकर नियम, 1962 के नियम 6 (ii) के साथ पठित, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (2 क) के प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अनुमोदित कर दिया गया है —

1. वैज्ञानिक अनुसंधान परियोजना :	स्टडीज आन ट्रेन-स्किपणून रम्लीकेशन एण्ड परसिसटेन्ट इन्फैक्शन आफ हिन्डरपेस्ट वायरस ।
2. समर्थक का नाम.	हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड, बम्बई ।

3. कार्यान्वित करने वाली प्रयोगशाला :	इन्डियन इन्स्टीट्यूट आफ साइंस बंगलौर ।
4. प्रारम्भ करने की तारीख	15-4-1983
5. पूरा करने की तारीख	14-4-1986
6. परियोजना की अवधि	3 वर्ष
7. अनुमानित लागत	रु० 3,68,420-

2 इंडियन इन्स्टीट्यूट आफ साइंस, बंगलौर आयकर अधिनियम, 1922 की धारा 10 (2) (xiii) के अन्तर्गत अनुमोदित है । वैज्ञिय वित्त संत्रालय की दिनाक 23-11-1946 की अधिसूचना संख्या 34

[सं० 5188 (फा० सं० 203/30/82-आ० क० नि II)]

S O. 2484—It is hereby notified for general information that the following scientific research programme has been approved for the period specified below for the purpose of sub-section (2A) of the section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with rule 6 (iv) of the Income-tax Rules, 1962 by the Secretary, Department of Science & Technology, New Delhi :

1. Scientific Research Project	: Studies on transcription, replication and persistent infection of hinderpest virus.
2. Name of the Sponsorer	: Hindustan Lever Limited, Bombay,
3. Implementing Lab	: Indian Institute of Science, Bangalore.
4. Date of commencement	: 15-4-1983
5. Date of completion	: 14-4-1986
6. Duration of the project	: 3 years
7. Estimated cost	: Rs. 3,68,420/-

2. Indian nstitute of Science, Bangalore stands approved under section 10 (2) (xiii) of the Income-tax Act, 1922 vide Ministry of Finance Notification No. 34 dated 23-11-1946.

[No. 5188 (F. No. 203/30/82-I TA.II)]

नई दिल्ली, 19 मई, 1983

आय-कर

का० आ० 2485.— सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी अर्थात् विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम, 1962 के नियम 6 के साथ पठित आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (i) के खण्ड (ii) के प्रयोजनार्थ अन्य प्राकृतिक तथा अनुप्रयुक्त विज्ञानों के क्षेत्र में "संगम" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है अर्थात :—

(i) यह कि कालेज आफ टैक्नोलाजी, सीरामपुरी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक लेखा-जोखा रखेगा ।

(ii) यह कि उक्त कालेज, अपने वैज्ञानिक अनुसधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूप में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किया जाए और उन्हें सूचित किया जाए ।

(iii) यह कि उक्त कालेज अपनी कुल आय तथा व्यय दर्शाते हुए अपने संपरीक्षित वार्षिक लेखों को तथा अपनी परिसंपत्तिया देनदारियां दर्शाते हुए तुलन-पत्र की एक-एक प्रति प्रति वर्ष विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा तथा इन दस्तावेजों में से प्रत्येक की एक-एक प्रति सबंधित आय-कर आयुक्त को भेजेगा ।

संस्था

कालेज आफ टैक्नालाजी, सीरामपुर

यह अधिसूचना 13-2-1983 से 12-2-1986 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी है ।

[सं० 5193(फा०स०203/207/82-आ०क०नि II)]

New Delhi, the 19th May, 1983

INCOME TAX

S.O. 2485.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Department of Science & Technology, New Delhi, the Prescribed Authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6 of the Income-tax Rules, 1962 under the category "Association" in the area of other natural and applied sciences subject to the following conditions : —

(i) That the College of Textile Technology, Serampore will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research,

(ii) That the said College will furnish annual returns of its scientific research activities to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April each year.

(iii) That the said College will submit to the Prescribed Authority by 30th June each year a copy of their audited annual accounts showing their total income and expenditure and balance sheet showing its assets liabilities with a copy of each of these documents to the concerned Commissioner of Income-tax.

INSTITUTION

College of Textile Technology, Serampore.

This notification is effective for a period of three years from 13-2-1983 to 12-2-1986.

[No. 5193(F No. 203/207/82-IT.A II)]

आय-कर

का० आ० 2486.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली ने निम्नलिखित वैज्ञानिक अनुसंधान कार्य क्रम को नीचे दी गई विनिर्दिष्ट अवधि के लिए आयकर नियम 1962 के नियम 6 के साथ पठित आयकर अधिनियम 1961 की धारा 35 की उप-धारा (2 क) के प्रयोजनों के लिए अनुमोदित किया है :—

1.	अनुसंधान परियोजनाओं का नाम	: (1) स्ट्रक्चरल रिटर्न लास मेजरमेंट इन हाई फ्रिक्वेंसी कोएक्सीयल केबल्स । (2) इलैक्ट्रोकेमिकल कंट्रोल आफ एनवायरनमेंटल पोल्यूशन ।
2	प्रायोजक का नाम	मेसर्स गर्ग एसोसिएट्स प्रा० लि०, गाजियाबाद ।
3	कार्यान्वयन प्रयोगशाला	भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर ।
4	प्रारम्भ करने की तारीख	अप्रैल 1982
5	समापन की तारीख	मार्च, 1983
6.	अनुमानित व्यय	2,00,000 रुपए

2. भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलौर, को वित्त मंत्रालय के दिनांक 23-11-1946 की अधिसूचना सं० 34 द्वारा आय-कर अधिनियम 1922 की धारा 10 (2) (xiii) के अंतर्गत अनुमोदित कर दिया गया है ।

[सं० 5194 (फा० सं० 230/7/83-आ० क० नि०-II)]
एम० जी० सी० गोयल, अवर सचिव

INCOME-TAX

S.O. 2486.—It is hereby notified for general information that the following scientific research programme has been approved for the period specified below for the purposes of sub-section (2A) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule of 6 the Income-tax Rules 1962 by Department of Science & Technology, New Delhi:

1.	Title of Research Projects :	(i) Structural Return loss Measurement in High Frequency Coaxial Cables. (ii) Electrochemical Control of Environmental Pollution.
2.	Name of Sponsorer	: M/s. Garg Associates Pvt. Ltd., Ghaziabad.
3.	Implementing Lab	: Indian Institute of Science, Bangalore.
4.	Date of commencement	: April, 1982
5.	Date of completion	: March, 1983
6.	Estimated cost	: Rs. 2,00,000/-

2. Indian Institute of Science, Bangalore stands approved u/s 10 (2) (xiii) of the I.T. Act, 1922 vide Ministry of Finance Notification No. 34 dated 23-11-1946.

[No. 5194 (F. No. 203/7/83-IT A.II)]
M.G.C. GOEL, Under Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 1 जून, 1983

का०आ० 2487.—केन्द्रीय सरकार, सिक्का-निर्माण अधिनियम 1906 (1906 का 3) की धारा 7 के साथ पठित धारा 21 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का-निर्माण ("अंतरराष्ट्रीय बाल वर्ष" के लिए निर्मित एक सौ रुपए के चांदी प्रूफ और एक सौ रुपए के चांदी पाइफोर्ट स्मारक सिक्कों का जिनमें से प्रत्येक में 0.925 परिष्कृत स्टर्लिंग चांदी होगी, मानक वजन और उपचार) नियम, 1983 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2 अंतरराष्ट्रीय बाल वर्ष के लिए निर्मित कतिपय मूल्य-वर्ग के सिक्कों का मानक वजन और अनुज्ञात उपचार ।

अंतरराष्ट्रीय बाल वर्ष के संस्मरण में सिक्का-निर्माण अधिनियम 1906 (1906 का 3) की धारा 6 के उपबंधों के अधीन निर्मित निम्नलिखित मूल्य-वर्ग के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों के निर्माण में अनुज्ञात उपचार वैसा होगा जैसा नीचे सारणी में विनिर्दिष्ट है—

सारणी

सिक्के का मूल्य-वर्ग	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		संरचना में	वजन में
एक सौ रुपए के चांदी प्रूफ	29.16 ग्राम	चांदी के लिए 0.1% धन या ऋण	1/100 वां धन या ऋण
एक सौ रुपए के चांदी पाइ-फोर्ट	38.32 ग्राम	चांदी के लिए 0.4—धन या ऋण	1/100 वां धन या ऋण

[सं० एफ 1/19/(1)/80-बजायन]

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 1st June, 1983

S.O. 2487.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 21 read with section 7 of the Coinage Act, 1906 (3 of 1906); the Central Government hereby makes the following rules. :—

1. Short title and commencement : (1) These rules may be called the Coinage (Standard Weight and Remedy of the Commemorative Coins of One Hundred Rupees Silver Proof and One Hundred Rupees Silver Piefort each containing 0.925 fine Sterling Silver coined for "International Year of the Child") Rules, 1983.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Standard weight and remedy allowed on coins of certain denominations coined for International Year of the Child.

The standard weight of the coins of the following denominations coined under the Provisions of section 6 of the Coinage Act, 1906 (3 of 1906) in commemoration of International Year of the Child, and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Table below :—

TABLE

Denomination of the Coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In weight
One hundred Rupees Silver Proof	29.16 grammes	0.4% plus or minus for silver.	1/100th plus or minus.
One hundred Rupees Silver Piefort	58.32 grammes	0.4% plus or minus for silver	1/100th plus or minus.

[No. F.1/19(I)/80-Coin]

का०आ० 2488.—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 1906 (1906 का 3) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह अवधारित करती है कि—

(क) निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्के भी अंतरराष्ट्रीय बाल वर्ष के संस्मरण में केन्द्रीय सरकार के प्राधिकाराधीन जारी किए जाने के लिए टकसाल में बनाए जाएंगे अर्थात् –

(i) एक सौ रुपए के चांदी प्रूफ

(ii) एक सौ रुपए के चांदी पाइफोर्ट

(ख) उपरोक्त अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विभाओं, डिजाइनों और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात्:—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकार और बाहरी व्यास	सिरेशनों की संख्या	धातु संरचना
एक सौ रुपए के चांदी प्रूफ	वृत्ताकार 44 मिमी	200	0.925 शुद्ध स्टर्लिंग-चांदी
एक सौ रुपए के चांदी पाइफोर्ट	वृत्ताकार 44 मिमी	200	0.925 शुद्ध स्टर्लिंग चांदी

डिजाइन.

एक सौ रुपए के चांदी प्रूफ और एक सौ रुपए के चांदी पाइफोर्ट:

मुख भाग : सिक्कों के मुख भाग पर अशोक स्तंभ के सिंह गुम्बज के साथ "सत्यमेव जयते" सार वाक्य नीचे अंकित होगा और उसके बायें ऊपरी भाग में "भारत" शब्द और दायें ऊपरी भाग में "India" शब्द अंकित होगा। उस पर अंकित मूल्य "100" अंतरराष्ट्रीय अंकों में लिखा होगा और उसके बायें निचले भाग में "रुपए" शब्द और दायें निचले भाग में "Rupees" शब्द अंकित होगा।

पृष्ठ भाग : सिक्के के इस भाग पर "International year of the child" लिखा होगा। मध्य में एक भारतीय नृत्यांगना और चार संगीतकार चित्रित किए जाएंगे। चार संगीतकारों में से एक लड़का होगा, जो नृत्यांगना के बायें "सितार" बजा रहा होगा, सबसे ऊपर एक लड़का और लड़की "वीणा" बजा रहे होंगे और दायें एक लड़का "मृदंग" बजा रहा होगा। परिधि के चारों ओर ऊपरी अर्ध भाग में "अंतरराष्ट्रीय बाल वर्ष" और निचले अर्ध भाग में "INTERNATONAL YEAR OF THE CHILD तथा वर्ष, 1981 अंकित होगा। दायें भाग में भी "INTERNATIONAL YEAR OF THE CHILD" का प्रतीक और बायें भाग में "United Nations Children's Fund" का प्रतीक अंकित होगा।

[सं० एफ०/1/19(II)/80-अवायन]

सी० जी० पाथरोस, अवर सचिव

S.O. 2488.—In exercise of the powers conferred by section 6 of the Coinage Act, 1906 (3 of 1906), the Central Government hereby determines that—

(a) the coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government in commemoration of the International Year of the Child, namely :—

(i) One hundred Rupees, Silver Proof,

(ii) One hundred Rupees Silver Piefort

(b) the coins of the above denomination shall conform to the following dimensions, designs and composition, namely :—

Denomination of the coin	Shape and out side diameter	Number of serrations	Metal composition
One Hundred Rupees Silver Proof	Circular 44 millimetre	200	0.925 fine sterling Silver
One Hundred Rupees Silver Piefort	Circular 44 millimetre	200	0.925 fine sterling Silver

DESIGN :

One hundred rupees Silver Proof and One hundred rupees Silver Piefort :

OBVERSE : This face of the coins shall bear the Lion Capital of Ashoka Pillar, with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left upper periphery with the word "भारत" and on the right upper periphery with the word "INDIA". It shall also bear the denominational value "100" in international numerals flanked on the left lower periphery with the words "रुपये" and on the right lower periphery with the word "Rupees".

REVERSE : This face of the coins shall have the theme "International Year of the Child". In the centre, an Indian dancing girl and four musicians shall be depicted. The four musicians shall be a boy playing *Sitar* on the left side of the dancing girl a boy and a girl playing *Veena* at the top and a boy playing *Mrudanga* on the right. Around the periphery, the upper half shall bear the inscription "अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष" and the lower half the inscription "INTERNATIONAL YEAR OF THE CHILD" and the year "1981". The right periphery also bears the symbol of "International Year of the Child" and the left periphery the symbol of the "United Nations Children's Fund".

[No. F 1/19/(11)/80-Coin]
C. G. PATHROSE, Under Secy.

बैंकिंग प्रभाग

नई दिल्ली, 16 मई, 1983

का० आ० 2489.—भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 (1964 का 18) की धारा 6 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री एम० आर० बी० पुंजा को, जो कि 16 मई, 1983 से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए हैं, इसी तारीख से औद्योगिक विकास बैंक के निदेशक मण्डल का अध्यक्ष नियुक्त करती है ।

[संख्या 9/7/83-बी० ओ० (2)]
(Banking Division)

New Delhi, the 16th May, 1983

S.O. 2489.—In pursuance of clause (a) of sub-section (1) of section 6 of the Industrial Development Bank of India Act, 1964 (18 of 1964), the Central Government hereby appoints Shri M. R. B. Punja, who has been appointed as the Managing Director of the Industrial Development Bank of India with effect from the 16th May, 1983, to be the Chairman of the Board of Directors of the Industrial Development Bank of India with effect from the same date.

[No. F. 9/7/83-BO. I (2)]

नई दिल्ली, 16 मई, 1983

का० आ० 2490.—भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 (1964 का 18) की धारा 6 की उपधारा (1) के खण्ड (क) और उपधारा (2) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एम० आर० बी० पुंजा को 16 मई, 1983 से आरम्भ होने वाली तथा 14 दिसम्बर, 1985 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त करती है ।

[सं० एफ० 9/7/83-बी० ओ० 1 (1)]
चा० वा० मीरचन्दानी, उप सचिव

S.O. 2490.—In pursuance of clause (a) of sub-section (1) and of sub-section (2) of section 6 of the Industrial Development Bank of India Act, 1964 (18 of 1964), the Central Government hereby appoints Shri M. R. B. Punja as the Managing Director of the Industrial Development Bank of India for the period commencing on the 16th May, 1983 and ending with the 14th December, 1985.

[No. F. 9/7/83-BO. I (1)]
C. W. MIRCHANDANI, Dy Secy.

नई दिल्ली, 23 मई, 1983

का० आ० 2491.—यतः बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 45 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उसके अनुसार केन्द्रीय सरकार ने नेशनल बैंक आफ लाहौर लि० दिल्ली के भारतीय स्टेट बैंक के साथ विलय के लिए 20 फरवरी 1970 को एक योजना मंजूर की थी ।

यतः उक्त योजना के खण्ड 6 के उपखण्ड (9) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नेशनल बैंक आफ लाहौर, लि० दिल्ली की परिसम्पत्तियों का अंतिम रूप से मूल्यांकन नियत तारीख से बारह वर्षों की समाप्ति के पश्चात् अपेक्षित था जो कि नियत तारीख को अनन्तिम रूप से मूल्यांकित कर लिया गया है ।

यतः भारतीय स्टेट बैंक ने यह अभ्यावेदन किया है कि बड़ी संख्या में परिसम्पत्तियां अंतर्ग्रस्त होने और बैंक के प्रयासों के बावजूद अधिकांश पदों की वसूलियां अभी बाकी होने के कारण बैंक, विलय योजना के खण्ड 6 के उपखण्ड (9) में विनिर्दिष्ट समय के भीतर परिसम्पत्तियों का अंतिम रूप से मूल्यांकन करने में असमर्थ रहा है।

और यतः केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के बाद इस बात से संतुष्ट है कि विलय योजना को लागू करने में कठिनाई पैदा हो गयी है और उतना समय बढ़ा कर जितने में परिसम्पत्तियों का अंतिम रूप से मूल्यांकन अपेक्षित है उक्त कठिनाई को दूर करना जरूरी है।

अतः अब नेशनल बैंक आफ लाहौर लि० दिल्ली के भारतीय स्टेट बैंक के साथ विलय की 20 फरवरी 1970 की विलय योजना के खण्ड 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा उसके अनुमोदन से नेशनल बैंक आफ लाहौर लि०, दिल्ली की उन परिसम्पत्तियों का जिनकी वसूली और मूल्यांकन नहीं हुआ है नियत तारीख से पन्द्रह वर्षों की अवधि के भीतर मूल्यांकन करेगा।

New Delhi, the 23rd May, 1983

S.O. 2491.—Whereas on 20th February, 1970 a scheme of amalgamation of the National Bank of Lahore Ltd, Delhi with the State Bank of India was sanctioned by the Central Government in exercise of the powers conferred by and in accordance with Section 45 of the Banking Regulation Act, 1949.

Whereas under sub-clause (ix) of clause 6 of the said scheme, the State Bank of India was required to make a final valuation of the assets of the National Bank of Lahore Ltd., Delhi which have been provisionally valued on the prescribed date on the expiry of twelve years from the prescribed date.

Whereas the State Bank of India has represented that in view of the large number of assets involved and the recovery of most of the items yet to be realised in spite of its efforts it has not been able to make the final valuation within the time specified in sub-clause (ix) of clause 6 of the scheme of amalgamation

And whereas the Central Government in consultation with the Reserve Bank of India is satisfied that a difficulty has arisen in giving effect to the scheme of amalgamtion which it is necessary to remove by extending the time within which the final valuation of assets is required to be made

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause 21 of the scheme of amalgamation dated 20th February 1970 of the National Bank of Lahore Ltd, Delhi with the State Bank of India, the Central Government hereby directs that the State Bank of India shall in consultation with and with the approval of the Reserve Bank of India value the assets of the National Bank of Lahore Ltd Delhi which have not been realised and valued, within a period of fifteen years from the prescribed date

[No 17/6/82-B.O. III]

का० आ० 2492.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की तीसरी अनुसूची के फार्म "क" के साथ संलग्न टिप्पणी (च) के उपबंध 31 दिसम्बर 1982 की स्थिति के अनुसार तैयार किए गए निम्नलिखित बैंकों के तुलन-पत्रों पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जब उक्त फार्म की सम्पत्ति तथा परिसम्पत्ति शीर्ष की मद 4 के उपशीर्ष (2), (3), (4) और (5) के सामने अन्दर के कालम के दिखाया गया मूल्य उस उपशीर्ष के अन्तर्गत निवेशों के बाजार मूल्य से बढ़ जाएगा। उस उपशीर्ष के अंतर्गत किए गए निवेशों का बाजार मूल्य कोष्ठकों के अन्दर अलग से दिखाया गया है —

1 दि लक्ष्मी कमर्शियल बैंक लि०

2 यूनाइटेड कमर्शियल बैंक

[संख्या 15/2/83-बी० ओ० III]

एन० डी० बत्रा, अवर सचिव

S.O. 2492.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Note (f) appended to the form 'A' in the Third Scheduled to the said Act shall not apply to the following banks, viz :—

1. The Lakshmi Commercial Bank Ltd,

2 United Commercial Bank,

In respect of their balance-sheet as on the 31st December, 1982 which when the value shown in the inner column against any of the sub-heads (ii) (iii), (iv) and (v) of the item 4 of the Property and Assets side of the said Form exceeds the market value of the investments under that sub-head, shows separately within brackets the market value of the investments under that sub-head

[No. 15/2/83-B.O. III]
N D BATRA, Under Secy

(राजस्व विभाग)

केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क समाहर्ता का कार्यालय

सीमा शुल्क

बंगलौर, 6 मई, 1983

का० आ० 2493.—सीमाशुल्क अधिनियम 1962 की धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं सी. के गोपालकृष्णन, समाहर्ता सीमाशुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कर्नाटक समाहर्तालय, बंगलौर एतद्द्वारा दिनांक 29-12-81

की अधिसूचना सं० 3/81 की वैधता को दिनांक 31-3-86 तक विस्तरित करता हूं और मैसर्स कर्नाटक इंजीनियरिंग और मेरिन कम्पनी, बंगलौर को बेजेज तथा नौकर उपस्कर स्टोर करने तथा स्टील बरेज और नौकाओं को तैयार करने तथा नौभरण हेतु, इस समाहर्तालय द्वारा जारी दिनांक 23 सितम्बर, 1968 में पिछली अधिसूचना के अनुलग्न सारणी में विनिर्दिष्टत, पोर्ट-लैंड जिसका माप 2671.30 वर्ग मीटर (टी. एस. नं. 1587/1 ब्लाक 31) पोर्ट आफ् रॉफ नं. 48, मंगलौर को इस्तेमाल करने की अनुमति देता हूं।

[अधिसूचना सं० 1/83 सीमाशुल्क/ सी. नं. VIII/48/226/79 सी. 2 सीमा०]
सी०के० गोपालकृष्णन्, समाहर्ता केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क, बंगलोर

(Department of Revenue)

(Office of the Collector of Central Excise and Customs)

Bangalore, the 6th May, 1983

CUSTOMS

S.O. 2493.—In exercise of the powers conferred by section 8 of the Customs Act, 1962, I C. K. Gopalakrishnan, Collector of Customs and Central Excise, Karnataka Collectorate, Bangalore, hereby extend the validity of the notification No. 3/81 dated 29th December, 1981 upto 31-3-86 and permit M/s. Karnataka Engineering and Marine Company, Mangalore to use the port land area measuring 267.30 Square metres (T.S. No. 1587/1 Block 31) Part of Wharf No. 48 Mangalore specified in the table appended to the earlier Notification dater 23rd September, 1983 issued by this Collectorate for the purpose of storing barges and boat equipments. to manufacture steel barges and boats and for shipments thereof.

[Notification No. 1/83.Cus.C.No.VIII/48/226.79 C2Cus.]
C. K. GOPALAKRISHNAN, Collector of Customs & Central Excise Bangalore

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 21 मई, 1983

का. आ. 2494.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 3 के साथ पठित निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार अधिसूचना-का. आ. 74 तारीख 1 जनवरी, 1983 के संशोधन में अपर सचिव-वाणिज्य मंत्रालय का निर्यात निरीक्षण परिषद् के सदस्य के रूप में पदनामित करती है।

[फाईल सं. 3(94)/75-ई. आई. एण्ड ई. पी.]
सी. बी. कुकरेती, संयुक्त निदेशक,

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 21st May, 1983

S.O. 2494.—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), read with Rules 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964, the Central Government in modification of Notification S.O. 74 dated 1st January, 1983 hereby designates Additional Secretary, Ministry of Commerce as Member of the Export Inspection Council.

[F. No. 3(94)/75-EI&EP]
C. B. KUKRETI, Jt. Director

मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात का कार्यालय

आदेश

नई दिल्ली 28 मई, 1983

का०आ० 2495:—सर्वश्री इण्डियन गैसिज (प्रोप्राइटर कान्हजी गैसिज प्रा० लि०) ग्वालियर को मुक्त विदेशी मुद्रा के अन्तर्गत 40 लीटर क्षमता के 872 खाली आक्सीजन गैस सिलेंडरों के आयात के लिए 4,37,024-रु० (चार लाख सैंतीस हजार चौबीस रुपए मात्र) का एक आयात लाइसेंस सं० पी०/सी०जी०/2082077/सी० एक्स एक्स०/77/एच०/79/सी०जी०—3 दिनांक 31-12-1980 प्रदान किया गया था। बाद में आयात लाइसेंस का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य बढ़ाकर 4,50,631-रु० ($57,552) कर दिया गया था। फर्म द्वारा पहले किए गए आवेदन पर उपर्युक्त आयात लाइसेंस की सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति रद्द कर दी गई थी, देखिए भारत के (साधारण) राजपत्र के भाग—2 खंड 3 उप-खंड (ii) में प्रकाशित आदेश सं० सी०जी० 3/437/78/19/ दिनांक 8-6-1982 और उसके पश्चात् उन्हें अनुलिपि सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति सं० डी०-2468098 दिनांक 10-6-82 जारी की गई थी।

अब फर्म ने उपर्युक्त लाइसेंस की सीमा-शुल्क और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रतियों की अनुलिपि प्रतियों जारी करने के लिए इन आधारों पर आवेदन किया है कि लाइसेंस सं० पी/सी जी/2082077 दिनांक 31-12-1980 की सीमा-शुल्क और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रतियां और लाइसेंस की सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति के बदले में जारी की गई अनुलिपि सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति सं० डी—2468098 दिनांक 10-6-1982 खो गई अथवा अस्थानस्थ हो गई थी। आगे यह बताया गया है कि लाइसेंस (लाइसेंस की अनुलिपि सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति सहित) किसी भी सीमा-शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत नहीं कराया गया था और इस प्रकार सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति के मूल्य का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया है।

अपने तर्क के समर्थन में, लाइसेंसधारी ने ग्वालियर के नोटरी पब्लिक के सम्मुख विधिवत शपथ लेकर स्टाम्प कागज पर एक शपथ-पत्र दाखिल किया है। तदनुसार में संतुष्ट हूं कि आयात लाइसेंस सं० पी/सी जी/2082077 दिनांक 31-12-1980 की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति और सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति (अनुलिपि सं० डी—2468098 दिनांक 10-6-1982) फर्म से खो गई या अस्थानस्थ हो गई है। यथासंशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 दिनांक 7-12-1955 के उप-खंड 9 (सी सी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्वश्री इंडियन गैसिज (प्रोप्राइटर कान्हजी गैसिज प्रा०लि०), ग्वालियर को जारी

किए गए आयात लाइसेंस सं० पी/सी जी/2082077 दिनांक 31-12-1980 की उक्त मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति और सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति (अनुलिपि सं० डी-2468098 दिनांक 10-6-1982) एतद्द्वारा रद्द की जाती है।

उक्त लाइसेंस की सीमा-शुल्क और मुद्रा-विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रतियों की अनुलिपि प्रतियां पार्टी को अलग से जारी की जा रही है।

[सं० सीoजीo-3/437/78/19]

शंकर चन्द, उप-मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात

(Office of the Chief Controller of Imports & Exports,
New Delhi

ORDER

New Delhi, the 28th May, 1983

S.O. 2495.—M/s. Indian Gases (Prop. Kanhji Gases Pvt. Ltd., Gwalior were granted an import licence No. P/CG/2082077/C/XX/77/H/79/CGIII dated 31-12-1980 for Rs. 4,37,024 (Rupees four lakhs, thirtyseven thousand and twenty-four only) for import of 872 Nos. of empty oxygen gas cylinders of 40 litres capacity under Free Foreign Exchange. The CIF value of the import licence was subsequently enhanced to Rs. 4,50,681 ($ 57,552). On firm's request made by them earlier the Customs Purposes Copy of the above import licence was cancelled vide Order No. CG III/437/78/19 dated 8-6-1982 published in the Gazette of India (Ordinary) Part II Section 3 Sub-section (ii) and thereafter Duplicate Customs Purposes Copy No. D-2468098 dated 10-6-82 was issued to them.

The firm has now applied for issue of Duplicate copies of Customs and Exchange Control Purposes of the above mentioned licence on the grounds that the Customs and Exchange Control Purposes Copies of the licence No. P/CG/2082077 dated 31-12-80 and also the Duplicate Customs Purposes Copy bearing No. D-2468098 dt. 10-6-82 issued in lieu of the Customs Purposes Copy of the licence had been lost or misplaced. It has further been stated that the licence (including Duplicate Customs Purposes Copy of the licence) was not registered with any Customs authority and as such the value of Customs Purposes Copy has not been utilised at all.

In support of their contention, the licensee has filed an Affidavit on stamped paper duly sworn in before a Notary Public, Gwalior. I am accordingly satisfied that the original Exchange Control Purposes Copy and Custom Purposes Copy (Duplicate No. D-2468098 dt. 10-6-82) of import licence No. P/CG/2082077 dated 31-12-80 has been lost or misplaced by the firm. In exercise of the powers conferred under sub-clause 9(cc) of Import (Control) Order, 1955 dated 7-12-1955 as amended the said Exchange Control Purposes Copy and Customs Purposes Copy (Duplicate No. D-2468098 dated 10-6-82) of the import licence No. P/CG/2082077 dated 31-12-80 issued to M/s. Indian Gases (Prop. Kanhji Gases Pvt. Ltd.), Gwalior are hereby cancelled.

A duplicate Customs and Exchange Control Purposes Copies of the said licence are being issued to the party separately.

[No. CG.III/437/78/19]

SHANKAR CHAND, Dy. Chief Controller of Imports & Exports

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य विभाग

नई दिल्ली, 7 मई, 1983

का० आ० 2496—यतः दंत चिकित्सक अधिनियम 1948 (1948 का 16) की धारा 3 के खंड (घ) के अनुसरण में मंगलौर विश्वविद्यालय, मंगलौर की सीनेट ने डा० रामदास एम० ई० चिकित्सा निदेशक, कस्तूरबा मेडिकल कालेज और अस्पताल मणिपाल को 21 मार्च, 1983 से दंत चिकित्सा परिषद का सदस्य निर्वाचित किया है।

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 3 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारत सरकार के पूर्ववर्ती स्वास्थ्य मंत्रालय की 12 अप्रैल, 1949 की अधिसूचना सं० 10-10/48 एम० I में जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (स्वास्थ्य विभाग) की 9 फरवरी, 1978 की अधिसूचना संख्या एस० ओ० 533 में पुनः प्रकाशित हुई है निम्नलिखित और संशोधन करती है अर्थात्—

उक्त अधिनियम में "धारा 3 के खंड (घ) के अधीन (घ) निर्वाचित" शीर्ष के अन्तर्गत क्रम संख्या 15 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी अर्थात—

"16. डा० राम दास एम० पई, चिकित्सा निदेशक, कस्तूरबा मेडिकल कालेज और अस्पताल मणिपाल (कर्नाटक)	मंगलौर विश्वविद्यालय	21-3-1983"

[सं० वी० 12013/3/83—पी०एम०एस०]

एस० पी० पाठक, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 20th May, 1983

S.O. 2496.—Whereas in pursuance of clause (d) of section (3) of the Dentists Act, 1948 (16 of 1948), Dr. Ramdas M. Pai, Medical Director, Kasturba Medical College and Hospital, Manipal, has been elected to be a member of the Dental Council of India by the Senate of the Mangalore University, Mangalore, with effect from the 21st March, 1983,

Now, therefore, in pursuance of section 3 of the said Act, the Central Government hereby makes the following amendments in the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Health No. 10-10/48-MI, dated the 12th April 1949, as republished by the notification of the Government of India in the Ministry of Health and Family Welfare (Department of Health) No. S.O. 533, dated the 9th February, 1978, namely:—

In the said notification, under the heading "(d) Elected under clause (d) of section 3", after serial number 15 and the entries relating thereto, the following shall be inserted namely:—

"16. Dr. Ramdas M. Pai, Medical Director, The Kasturba Medical College and Hospital, Manipal (Karnataka)	University of Mangalore	21.3.83."

[No. V-12013/3/83-PMS]

S. P. PATHAK, Under Secy.

नई दिल्ली, 24 मई, 1983

का० आ० 2497—यतः भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1956 (1956 का 102) की धारा 3 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के उपबन्धों का पालन करते हुए बरहामपुर विश्वविद्यालय की सीनेट ने रिक्त पद पर एम० के० सी० जी० मेडिकल कालेज, बरहामपुर के प्रिंसिपल डा० पी० के० कार को 23 मार्च, 1982 से भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् का सदस्य निर्वाचित किया है,

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के उपबन्धों के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की 9 जनवरी, 1960 की पूर्ववर्ती अधिसूचना संख्या एम० ओ० 138 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना में "धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन निर्वाचित" शीर्ष के अन्तर्गत क्रम संख्या 39 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियां रखी जाएं, अर्थात् :—

"39, डा० पी० के० कार,
प्रिंसिपल, एम० के० सी० जी० मेडिकल कालेज,
बरहामपुर ।"

[सं० वी० 11013/11/83-एम० ई० (पी)]
पी० सी० जैन, अवर सचिव

New Delhi the 24th May, 1983

S.O. 2497.—Whereas in pursuance of the provisions of clause (b) of Sub-section (1) of section 3 of the Indian Medical Council Act, 1956 (102 of 1956), Dr. P. K. Kar, Principal, M. K. C. G. Medical College, Berhampur has been elected in the vacant post by the Senate of Bernampur University to be a member of the Medical Council of India with effect from the 23rd March 1982;

Now, therefore, in pursuance of the provisions of sub-section (1) of Section 3 of the said Act, the Central Government hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Health No. S. O. 138 dated the 9th January, 1960, namely :—

In the said notification, under the heading "Elected under clause (b) of Sub-Section (1) of Section 3", for Serial Number 39 and the entries relating thereto the following Serial Number and entries shall be substituted namely :—

"39, Dr. P. K. Kar.,
Principal, M. K. C. G Medical College,
Berhampur."

[No. V 11013/11/83-ME (P)]
P. C JAIN, Under Secy.

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, 30 मई, 1983

का० आ० 2498.—केन्द्रीय सरकार कयर उद्योग अधिनियम 1953 (1953 का 45) की धारा 26 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कयर उद्योग नियम, 1954 का कतिपय और संशोधन करना चाहती है । जैसा कि उक्त अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (1) में अपेक्षित है प्रस्तावित संशोधनों का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है, जिसके उससे प्रभावित होने की सम्भावना है । इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालिस दिन की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ।

इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व नियमों के उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति के प्राप्त होने केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी ।

प्रारूप नियम

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कयर उद्योग (संशोधन) नियम, 1983 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे ।

2. कयर उद्योग नियम 1954 में,—

(क) नियम 18 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा अर्थात् :—

"18. बोर्ड का लेखा :—(1) बोर्ड, प्रत्येक वर्ष में संबंधित आय और व्यय, साथ ही आस्तियों और दायित्वों का, अनुसूची में उपवर्णित प्ररूपों में लेखा रखेगा ।

(2) आय और व्यय तथा आस्तियों और दायित्वों का संपरीक्षित लेखा और उसके साथ उसकी संपरीक्षा रिपोर्ट, किसी मामले में ऐसे लेखाओं की संपरीक्षा के पश्चात् ऐसे वर्ष की जिससे लेखा संबंधित है समाप्ति से सात मास तक न कि उसके पश्चात् केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की जाएगी ।

(3) आय के लेखा निम्नलिखित शीर्षों के नीचे दर्शित किए जाएंगे :—

(क) अधिनियम की धारा 11 के अधीन प्राप्त धन

(ख) केन्द्रीय सरकार से, अधिनियम की धारा 14का के अधीन प्राप्त अनुदान ।

(ग) बोर्ड द्वारा प्राप्त कोई अन्य धन

(घ) विनिधानों पर ब्याज

(ङ) बिजली करघा कारखाने (हिन्दुस्तान कयर) के व्यय पर आय का अधिव्यय ।

(च) शो रूमों और विक्रय डिपों में व्यय पर आय का आधिक्य ।

(4) वर्ष में उपगत व्यय भिन्न-भिन्न शीर्षों और उपशीर्षों के अधीन दर्शाया जाएगा जैसा कि अनुसूची में दिया गया है ;

(ख) अनुसूची में प्ररूप 2 और 3 के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप रखे जाएंगे अर्थात् :—

"प्रारूप—2"

[नियम 18(1) देखिए]

31 मार्च को समाप्त हुए वर्ष के लिए कयर बोर्ड शो रूम और विक्रय डिपो का आय और व्यय लेखा

पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	व्यय का शीर्ष	चालू वर्ष के आंकड़े		पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	आय		चालू वर्ष के आंकड़े
रु० पै०		अनुसूची	रु० पै०	रु० पै०		अनुसूची	रु० पै०
	वेतन	1			विक्रय पर कमीशन	2	
	शोरूम और विक्रय डिपो के प्रबंधकों को कमीशन	2			प्रकीर्ण प्राप्तियां	6	
	बीमा किराया						
	रेट और कर अवक्षयण	3			आय पर व्यय का आधित्य		
	आस्थगित राजस्व बट्टे खाते डाला गया व्यय अन्य प्रकार	4					
	व्यय कर आय का आधित्य	—	—	—		—	—
	योग	—	—	—		—	—

प्रारूप —3

[नियम 18 (1) देखिए]

31 मार्च को समाप्त हुए वर्ष के लिए विनिर्माण और व्यवसाय लेखा

पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	व्यय	चालू वर्ष के आंकड़े		पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	आय	चालू वर्ष के आंकड़े
रु० पै०		रु० पै०		रु० पै०		रु० पै०
	प्रारंभिक स्टाक :				व्यापार लेखा में अन्तरित	
	कच्ची सामग्री रंजक और रसायन				परिरूपित माल की लागत	
	अर्ध परिरूपित माल चालू कार्य				अंतिम स्टाक]	
	अन्य क्रय रंजन प्रभार				कच्ची सामग्री रंजक और	
	स्नेहक जल और विद्युत मजदूरी				रसायन अर्ध परिरूपित माल	
	भविष्य निधि और कर्मचारी				चालू कार्य	
	अभिदाय कर्मकारों को बोनस				अन्य विक्रय	
	सामान लाने का प्रभार				परेषण लेखा पर विक्रय	
	अवक्षयण भवन सयंत्र और मशीनरी				परिरूपित माल का अंतिम स्टाक	
	औजार आदि विनिर्माण लेखा से				लाभहानि लेखा में अंतरित कुल हानि	
	अंतरित परिरूपित माल की लागत					
	परिरूपित माल का प्रारंभिक स्टाक	—	—			—
—	लाभ और हानि लेखाओं का कुल लाभ	—	—			—
—	योग					

प्रारूप 4

[नियम 18(1) देखिए]

31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ और हानि लेखा

पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	व्यय का शीर्ष	चालू वर्ष के आंकड़े	पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	लेखा का शीर्ष	चालू वर्ष के आंकड़े
रु० पै०	वेतन और भत्ते	रु० पै०	रु० पै०	व्यापार खाते	रु० पै०
	यात्रा भत्ता			अंतरित	
	भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य			कुल लाभ	
	बीमा में अभिदाय डाक महसूल और तार			प्रकीर्ण प्राप्तियां	
	दूरभाष स्टे				
	रेट और कर				
	ब्याज				
	बीमा				
	भवनों की मरम्मत और अनुरक्षण				
	मशीनरी की मरम्मत और अनुरक्षण				
	माल ले जाने का प्रभार				
	बैंक प्रभार				
	छूट				
	विज्ञापन प्रभार				
	प्रशिक्षुओं को वृत्तिका				
	लेखन सामग्री और मुद्रण				
	कार्यालय व्यय				
	अवक्षयण				
	फर्नीचर और फिटिंग्स आदि				
	विविध व्यय	—	—	कुल हानि	—
—	कुल लाभ				
—	योग	—	—		—

प्रारूप 5

[नियम 18 (1) देखिए]

31 मार्च को तुलन पत्र

पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	दायित्व	चालू वर्ष के आंकड़े	पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	आस्तियां		चालू वर्ष के आंकड़े
रु० पै०	पूंजी	रु० पै०	रु० पै०	स्थिर आस्तिया	अनुसूची	रु० पै०
	अंतिम तुलन पत्र के अनुसार शेष			चालू आस्तिया	7	
	लाभ और हानि लेखा			अंतिम स्टाक		
	अंतिम तुलन पत्र से लिया गया कुल लाभ			कच्ची सामग्री		
	वर्ष के दौरान हुए लाभ को जोड़िए			रसायन		
	भारत सरकार से ऋण बैंक के ऋण					
				अर्धपरिरूपित माल		
	चालू दायित्व			चालू कार्य		
	विविध लेनदार			परिरूपित माल		
	बकाया ब्याज			शो रूमों में स्टाक		
	निक्षेप अग्रिम			विविध ऋणी		
—	अन्य दायित्व			शो रूम		
—	योग	—	—	अन्य	—	
—				हाथ में स्टाम्प	—	
				बैंक में रोकड़		
				ऋण और अग्रिम		
				वसूलनीय जेमा		
				कर्मचारियों को अग्रिम		
				अन्यों को अग्रिम		

प्रारूप 6

[नियम 18 (1) देखिए]

31 मार्च का समाप्त होने वाले वर्ष के लिए कयर बोर्ड का आय और व्यय लेखा

पूर्ववर्ती वर्ष के आंकडे	व्यय का शीर्ष		चालू वर्ष के आंकडे	पूर्ववर्ती वर्ष के आंकडे	आय का शीर्ष		चालू वर्ष के आंकडे
रु० पै०		अनुसूची	रु० पै०	रु० पै०		अनुसूची	रु० पै०
	प्रशासन	8			कयर उद्योग अधिनियम, 1953 की धारा 14 के अधीन प्राप्त धन उपकर संग्रहण प्रभार कम कीजिए कयर उद्योग अधिनियम 1953 की धारा 14क के अधीन भारत सरकार से प्राप्त अनुदान		
	स्थानीय मंडियों का विस्तार						
	विदेशी मंडियों का विस्तार						
	अनुसंधान विज्ञान और प्रौद्योगिकी	9					
	सांख्यिकी प्रलेखीकरण और आंकड़ों आधार विपणन और प्रचार	10			अन्य प्राप्तियां	13	
	राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण संस्थाओं को मजबूत बनाना				विनिधानों पर ब्याज आय		
	निर्यात विनियमन और निरीक्षण-निम्नतम विक्रय/मूल्य कयर सहकारिता) अखिल भारतीय) के लिए समर्थन	11			पर व्यय का आधिक्य		
	आधारिक संरचना प्रशिक्षण के लिए समर्थन				हिन्दुस्तान कयर व्यय का आय पर आधिक्य		
	सर्वेक्षण और अध्ययन						
	केन्द्रीय विपणन संगठन की स्थापना संघटक योजना						
	अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति	12					
	अन्य						
	सदस्यों को यात्रा भत्ता						
	अवक्षयण						
	ऋणों पर ब्याज						
	शोरूम के व्यय पर आय का आधिक्य						

प्रारूप 7

[नियम 18 (1) देखिए]

31 मार्च, को कयर बोर्ड का तुलन पत्र

पूर्ववर्ती वर्ष के आंकडे	दायित्व		चालू वर्ष के आंकडे	पूर्ववर्ती वर्ष के आंकडे	आस्तियां		चालू वर्ष के आंकडे
रु० पै०	पूंजी	अनुसूची	रु० पै०	रु० पै०		अनुसूची	रु० पै०
1	2		3	4	5		6
	अंतिम तुलन पत्र के अनुसार बकाया				स्थिर आस्तियां	14	
	कयर निधि लेखा				विनिधान चालू		
	प्रारंभिक बकाया				आस्तियां	15	
	कम कीजिए वर्ष के दौरान				अंतिम स्टाक		
					शोरूम में स्टाक		

1	2	3	4	5	6
	व्यय पर आय का आधिक्य			विविध ऋणी	16
	भारत सरकार से ऋण			शोरूम	
	चालू दायित्व			हिन्दुस्तान कयर	
	विविध लेनदार			अन्य	
	बकाया ब्याज			हाथ में स्टाम्प	
	जमा अग्रिम			हाथ में रोकड	
	अन्य दायित्व			बैंक में चालू खाते में रोकड	
				बैंक में जमा खाते में रोकड	
				ऋण और अग्रिम	
				वसूलनीय जमा	
				कर्मचारियों को अग्रिम	
				अन्यों को अग्रिम	
				कयर निधि लेखा	
--	योग		--	-- प्रारम्भिक बकाया	--
—			—	— जोड़िए, आय पर व्यय का आधिक्य	—

[फा०सं० (3) 7-आई०सी०सी० (कयर)]

एम०के० चक्रवर्ती, उपसचिव

टिप्पण : कयर उद्योग नियम, 1954 भारत के राजपत्र के असाधारण, भाग 2 भाग 3 पृष्ठ 1109 से 1116 पर अधिसूचना सं० सां०का०नि०आ० 2226 तारीख 6-7-1954 द्वारा प्रकाशित किए गए थे। निम्नलिखित द्वारा उनका संशोधन किया गया.

(1) अधिसूचना सं० का०नि०आ० 973 तारीख 29-4-1955
(2) अधिसूचना सं० का०नि०आ० 3669 तारीख 17-12-1955
(3) अधिसूचना सं० का०नि०आ० 3983 तारीख 12-12-1955
(4) अधिसूचना सं० का०आ० 877 तारीख 9-4-1960
(5) अधिसूचना सं० सां०का०नि० 1088 तारीख 18-6-1963
(6) अधिसूचना सं० का०आ० 1744 तारीख 6-5-1967
(7) अधिसूचना सं० सां०का०नि० 2983 तारीख 21-7-1969
(8) अधिसूचना सं० सां०का०नि० 1122 तारीख 9-7-1976
(9) अधिसूचना सं० सां०का०नि० 1588 तारीख 28-9-1976

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

